सार-समाचार

जिला स्तरीय ओलंपियाड में चयनित 32 मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया

रतलाम। जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में रतलाम जिले से चयनित कक्षा 2 से 8 तक के प्रत्येक कक्षा एवं विषय में प्रथम स्थान प्राप्त 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 27 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया । सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ स्कूल बैग, ट्रेक शुट, पानी की बोतल, टिफिन, कैप, ज्योमेट्री बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार दो चरणो में संचालित ओलम्पियाड प्रतियोगिता एवं चयनित छात्रो के संबंध में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा हिरल पवांर ने भी अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर सहायक संचालक राहुल मण्डलोई, जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा, मुकेश राठौर एवं विकासखण्ड के अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर ने किया।

ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल का पंजीयन 20 मार्च तक

रतलाम। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि जिले के किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी वर्ष 2025-26 में सरसों फसल के पंजीयन करवाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भावान्तर योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान सरसों फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत-जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर पंजीयन की निः शुल्क व्यवस्था है। सरसों फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 64 पंजीयन केन्द्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, भू-अभिलेख एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। किसान सरसों फसल के पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक करा सकते है।

निःशुल्क विशाल आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार शिविर का आयोजन 1 मार्च को होगा

रतलाम। न्यू जैनम ग्रुप सज्जनमिल क्षेत्र रतलाम के तत्वावधान में निःशुल्क विशाल आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार शिविर का आयोजन रविवार 1 मार्च को किया जाएगा। यह शिविर अलकापुरी चोराहे के सामने मोहनबाग पर आयोजित होगा। जो प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसमें गुजरात प्रांत के पारूल आयुर्वेद हॉस्पिटल, लीमड़ा (बड़ौदा) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उपचार किया जाएगा। इस शिविर में स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र, बी.पी., डायबीटिज, लिवर व हृदय रोग, लकवा, थायराइड, बवासीर, मस्सा, प्रोस्टेट, भगन्दर, पेट के रोग, पथरी, स्त्रि?यों के रोग, बच्चों के रोग, चर्म रोग, नाक, कान, गला और दाँत के रोग, मानसिक रोग, घुटनों का दर्द, जोड़ों का दर्द, सिरदर्द आदि का उपचार किया जाएगा। साथ ही सभी रोगों का आयुर्वेदिक दवाइयों व पंचकर्म और शल्य (सर्जरी) चिकित्सा से बिना किसी साइड इफेक्ट के रोगों का उपचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सा मरीज को बिना किसी साइड इफेक्ट के रोगमुक्त करती है। शिविर में आने वाले मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। न्यू जैनम ग्रुप ने इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने का सभी से आह्वान किया हैं।

सैलाना में धारा 163 लागू, बिना अनुमति रैली, जुलूस और प्रदर्शन पर लगा प्रतिबंध

रतलाम। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग सैलाना श्री तरूण जैन के आदेशानुसार म.प्र भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जनसामान्य के स्वास्थ्य के हित एव लोक शांति को बनाये रखने हेतु अनुभाग सैलाना की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में स्थित न्यायालय, अनुविभागीय कार्यालय परिक्षेत्र, समस्त शासकीय कार्यालय एवं परिसरो, शासकीय चिकित्सालय, अन्य अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थान में कोई भी दल, संघ, संगठन अथवा समूह धरना एवं प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा । उक्त स्थानो पर बगेर पूर्व अनुमति के भीड़ जमावड़ा, ज्ञापन, प्रदर्शन, ध्वनि विस्तार यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, जुलूस या धरना प्रदर्शन करने से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उक्त आदेश 24 अप्रैल 2026 तक प्रभाशिल रहेगा।

सकारात्मक चिंतन जीवन को निर्विघ्न बनाने का मार्ग : राजयोगी आत्मप्रकाश भाई

रतलाम। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डोंगरे नगर स्थित दिव्य दर्शन भवन सेवा केंद्र पर सकारात्मक चिंतन द्वारा अपने जीवन को निर्विघ्न कैसे बनाएं विषय पर विशेष राजयोग क्लास आयोजित की गई। कार्यक्रम में माउंट आबू (राजस्थान) मधुबन से पधारे ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं 'ज्ञान अमृत' पत्रिका के संपादक राजयोगी आत्मप्रकाश भाई ने सकारात्मक चिंतन की शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सकारात्मक चिंतन जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है। नकारात्मक विचार मन की शक्ति को कमजोर करते हैं, जबकि सकारात्मक सोच आत्मबल बढ़ाकर जीवन को सुखमय और सरल बनाती है। राजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने विचारों पर नियंत्रण पाकर हर परिस्थिति में आंतरिक शांति बनाए रख सकता है। इस अवसर पर न्यूयॉर्क से पधारे ब्रह्माकुमार अरुण पटेल (पूर्व प्रोजेक्ट मैनेजर, ह्वक्चरू), ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश एवं ब्रह्माकुमार संजय भाई ने भी शुभकामनाएं दीं। इंदौर से आई ब्रह्माकुमारी अनिता दीदी ने स्वागत किया तथा सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने आभार व्यक्त किया। डॉ. दिलीप नलगे एवं श्रीनाथ योगी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में शिवध्वज फहराया गया।

बांसवाड़ा हाईवे पर हादसा,

खाने के तेल के डिब्बों से भरे ट्रक में दो बार आग लगी

रतलाम।

रतलाम-बांसवाड़ा हाईवे पर रतलाम से करीब 24 किलोमीटर दूर सैलाना व सरवन के बीच कल्याण केदारेश्वर घाट पर गुरुवार व शुक्रवार की दरमियानी रात खाने के तेल से डिब्बों से भरे ट्रक में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे।

दमकलकर्मियों ने लगातार मेहनत कर करीब दो घण्टे में आग बुझाई, लेकिन तब तक ट्रक और उसमें रखे तेल के करीब 1500 डिब्बे जल चुके थे। आग से ट्रक और तेल के डिब्बे जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आधी रात ट्रक में लगी आग को बुझा दिया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद सुबह वापस ट्रक में आग लग गई, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने वापस मौके पर पहुंच कर बुझाया। जानकारी के अनुसार ट्रक गुजरात के अहमदाबाद खाने के रिफाइंड तेल के करीब 1500 डिब्बे लेकर बांसवाड़ा हाईवे से होकर रतलाम आ रहा था।। तभी 26 व 27 फरवरी 2026 की दरमियानी रात 12 से 12.30 बजे के बीच सैलाना व सरवन के बीच केदारेशव घाट से गुजरते समय अचानक ट्रक में आग लग गई। इसकी सूचना किसी ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल पर 12.25 बजे दी। सूचना मिलते ही वहां से सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल

मौके पर रवाना किया गया एवं फायर टीम को सूचना दी गयी। डायल-112 पर तैनात स्टाफ एएसआई वीर सिंह देवड़ा, आरक्षक मुरली कटारिया एवं पायलट जीवन खराड़ी तथा सैलाना नगर परिषद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। दमकलकर्मियों व पुलिसकर्मियों ने करीब 2 घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक बुरी तरह जल चुका था और उसमें रखे खाने के तेल के 1500 डिब्बे जलकर राख हो चुके थे। मौके पर सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला सहित परिषद के कुछ कर्मचारी भी पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया।

आग बुझाने के बाद यातायात हुआ

आग लगने से सड़क पर यातायात थम गया। पुलिस ने ट्रक में लगी विकराल आग को देखते हुए मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, ताकि अन्य वाहन आग की चपेट में न आएं। अन्य वाहनों को दोनों तरफ दूर ही रोक दिया गया था। आग बुझाने के बाद यातायात चालू किया गया। ट्रक में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ट्रक चालक का कहना है कि शार्ट सर्किट आग लगी है। पुलिस आग लगने के कार्यो की जांच कर रही है।

रतलाम के व्यापारी के गोदाम पर लाया जा रहा था तेल

ट्रक चालक रशीद पिता कल्लूखा निवासी टैंकर रोड रतलाम ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वह अहमदाबाद से खाने के तेल के डिब्बे ट्रक में भरकर रतलाम की कृष्णा ट्रेडिंग संस्थान के गोदाम पर ले जा रहा था। घाट पर अचानक ट्रक में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया।

सुबह दोबारा ट्रक में लगी आग

रात में ट्रक में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया गया था लेकिन शुक्रवार सुबह करीब 9 :00 बजे तक ट्रक में पुन : आग लग गई। पुलिस के अनुसार सुबह लगभग 09 बजे पुन : ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही डायल-112 पर तैनात आरक्षक पाटीदार एवं पायलट युसूफ शाह ने मौके पर पहुँचकर फायर टीम की सहायता से आग बुझाई ।एफआरव्ही टूलकिट की सहायता से ऑइल को निकलने के लिए रास्ता बनवाया गया, डायल-112 जवानों एवं फायर टीम की त्वरित कार्रवाई और समन्वय के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग पर नियंत्रण पाया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला

हम व्यक्ति नहीं विचार पर चलते है, इसलिए प्रशिक्षण आवश्यक

रतलाम।

भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से भिन्न होकर कार्यकर्त्ता आधारित पार्टी है और इसमें कार्यकर्ता विचारधारा पर चलता है, जबकि दूसरी पार्टियां परिवार से चलती है। व्यक्ति नहीं विचार पर चलने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमें जो मिला है, वो विचारधारा की वजह से मिला है और इस विचारधारा को सँभालने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। यह बात भाजपा के संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने कहीं। वे रंगोली परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की जिला कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला भाजपा प्रभारी विवेक जोशी, संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी एवं जयवंत कोठारी मंचासीन रहे।

श्री अटोलिया ने कहा कि प्रति क्षण शिक्षण ही प्रशिक्षण होता है, प्रशिक्षण कभी समाप्त होने वाला नहीं होता, जैसे कार्य को लगातार अभ्यास करने से कार्य सिद्ध होते है वैसे ही संगठन मे बार-बार प्रशिक्षण का आयोजन होता है, ताकि कार्यकर्तृता कार्य को सिद्ध कर सके। लक्ष्य प्राप्त करना और शिखर पर पहुंचना आसान है,मगर शिखर पर बने रहना चुनौती पूर्ण है। बार-बार प्रशिक्षण से शिखर पर बने रहने मे भी मदद मिलती है।

उन्होने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुषो ने सपने देखे और संघर्ष किया, उसी के कारण आज शिखर पर है। शिखर पर बने रहने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। राजनीती का आधार संगठन, संगठन का आधार कार्यकर्तृता और कार्यकर्तृता का आधार विचारधारा है, यदि विचारधारा नहीं रहे तो राजनीती खत्म हो जाती है। संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह ने पावर प्रजेटेशन के माध्यम से 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण होता है, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है' विषय पर जानकारी दी। आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा मे सर्वप्रथम राष्ट्रीय, प्रादेशिक फिर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ है, यह कार्यशाला अब मंडल स्तर पर 11 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी 25 मंडलो मे होगी। अलग-अलग अलग चरणों में हुई कार्यशाला में सर्वप्रथम अपेक्षित कार्यकर्तृता का पंजीयन हुआ।

मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा ने वर्ग गीत की प्रस्तुति दी। अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि के बाद वन्देमातरम का गान किया गया। दोपहर सत्र मे जिले की पांचों विधानसभा की बैठक हुई। रतलाम नगर को विवेक जोशी, रतलाम ग्रामीण को नानालाल अटोलिया, सैलाना को प्रदीप उपाध्याय, जावरा को महेश सोनी एवं आलोट को हरिराम शाह ने संबोधित किया। महेश सोनी ने संघ के पंच परिवर्तन और नवाचार की जानकारी दी।

समापन सत्र में जिला प्रभारी विवेक जोशी ने कहा कि भाजपा राष्ट्र हित की विचारधारा पर काम करने के कारण दूसरी पार्टियों से अलग है। नेता वही होता है, जो दूसरो से ज्यादा जानता हो और उसके लिए ही पार्टी मे समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग होता है। अंत मे राष्ट्रगान अनुज शर्मा मे प्रस्तुत किया।कार्यशाला का संचालन जयवंत कोठारी ने किया। आभार क्रांति जोशी ने माना।

आई टी आई रोजगार मेले में 11 प्रतिभागीयो का चयन

रतलाम। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्रालय, भोपाल , सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एवं रोजगार संचालनालय, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार जिला प्रशासन, कौशल विकास और रोजगार विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय, मध्य प्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन किया गया, जिसमे भाग लेने वाली कुल 2 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 11 प्रतिभागी प्राथमिक रूप से चयनित हुए जिसमे से रोजगार हेतु 2 एवं अप्रेंटिसशिप हेतु 9 आवेदकों का चयन किया गया । चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्राचार्य श्री यु. पी. अहिरवार द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई। चयन करने वाली कंपनियों में से रतलाम स्थित प्रतिष्ठान बोराना स्टील एंड इंजीनियरिंग द्वारा 2 एवं कृति इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड पीथमपुर द्वारा 9 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया । इसके अतिरिक्त जिले में संचालित लोन से सम्बंधित विभिन्न योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के 9 प्रकरणों में 6525000 रूपये के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किये गये तथा जिले में संचालित लोन से संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मेले में सम्मिलित होने के लिये कुल 42 आवेदकों ने अपना पंजीयन किया । संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एच. के. बाथम द्वारा उपस्थित युवक युवतियों को आत्मनिर्भर होने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही अधिक मेहनत कर उच्च पद की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया, आभार संस्था के टीपीओ प्रफुल्ल सोनारकर तथा जिला रोजगार कार्यालय के अनुप खटवानी द्वारा व्यक्त किया गया।

ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

रतलाम। कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े ने बताया कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या निगरानी व त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय रतलाम में नियंत्रण प्रकोष्ठ/कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07412-270439 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज किया जाएगा।

कंट्रोल रूम प्रभारी उपयंत्री पूजा भूरिया को बनाया गया। कंट्रोल रूम में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक श्री जगदीश जोकचंद, श्री राहुल चौहान की ड्यूटी रहेगी। शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक श्री दिलीप सोलंकी की ड्यूटी रहेगी।

शासकीय अवकाश दिवस में श्री जगदीश कतिजा, श्री अशोक धाकड़ की ड्यूटी रहेगी। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी द्वारा टेलीफोन पर प्राप्त शिकायत को रजिस्टर में नोट कर निराकरण हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी को सूचित किया जाएगा ।

आरजीएसए अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

रतलाम।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (क्रत्रऋ) के अन्तर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेलो को बढ़ावा देने हेतु सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व जिला पंचायत के द्वारा जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के माध्यम से दिनांक 26 फरवरी को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का अयोजन पोलो ग्राउण्ड पर किया गया। जिसमें जिले के जनपद पंचायत रतलाम, जावरा, सैलाना, पिपलौदा, आलोट, बाजना के बालक/बालिका खिलाडियों के द्वारा कबड्डी खेल प्रतिभागीता कि गई। जिसमें बालक वर्ग में विजेता बाजना, उपविजेता जावरा एवं तृतीय स्थान आलोट ने प्राप्त किया । बालिका वर्ग में विजेता पिपलौदा उपविजेता जावरा एवं तृतीय स्थान सैलाना ने प्राप्त किया गया। विजेता टीम को 10500 रुपये उपविजेता टीम को 5500 रुपये तृतीय स्थान को 1550 रूपये कि राशि व ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती लालाबाई शम्भूलाल चन्द्रवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष प्रदीप जी उपाध्याय, जिला खेल अधिकारी श्रीमती रूचि शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निर्देशक शर्मा व क्रीडा भारतीय के जिला सचिव अनुज शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत नरेन्द्र पांढारकर, राहुल वाघेला, सीमा कुंवर, निलेश कुशवाह, जयदेव साल्वी, राकेश कुशवाह, शम्भुलाल चौधरी, परवेज आलम खान, दिनेश, दुर्गा शंकर मोयल ग्रामीण युवा समन्वयक आलोट, ममता सिंह ग्रामीण युवा समन्वयक बाजना में पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। उपरांत मुख्य अतिथियो के द्वारा खिलाडियों को सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका आर.सी तिवारी, मुकेश जाट, सैवाराम जाट, सुरेश मालवीय, ममतासिंह, दुर्गा डामोर, प्रीती चरपोटा द्वारा की गई। एवं कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र धुलिया खेल प्रशिक्षक ने किया व आभार राहुल वाघेला ने किया।

रतलाम में 1610 लीटर नकली घी पकड़ा

यूपी से लाकर देशी बताकर 310 रुपए लीटर में बेचा जा रहा था, मकान को बना रखा था गोडाउन

रतलाम।

ग्लोबस सिटी कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर एक मकान में बड़ी मात्रा में नकली घी बरामद किया है। यूपी के मुजफ्फरपुर की दो कंपनियों से नकली घी लाकर रतलाम में देशी घी के नाम पर बाजार में 310 रुपए लीटर में बेचा जा रहा था।

प्रशासन व खाद्य विभाग की टीम ने 1610 लीटर घी को जब्ती में लेकर मकान को सील कर दिया है। शिकायत पर नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता व अन्य नयागांव टैंकर रोड के पास स्थित ग्लोबस सिटी के एक मकान में दोपहर करीब 3 बजे दबिश दी। मकान में बड़ी मात्रा में यूपी फ्रेश, मदर बेस्ट के नाम से घी के अलग-अलग पैकेट मिले। पैकिंग भी ऐसी थी हर कोई देख कर देशी घी समझे।

मकान से महाकाल ट्रेडर्स के नाम से घी का विक्रय शहर की दुकानों पर किया जा रहा था। महाकाल ट्रेडर्स के विक्रांत त्यागी से अधिकारियों ने पूछताछ की।

सस्ता बेचना मतलब नकली ही है- अधिकारी

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता ने बताया उपभोक्ता द्वारा शिकायत की गई थी। सस्ता घी बेचा जा रहा है। सूचना सही पाई गई। शंका के आधार पर यूपी फ्रेश व मदर बेस्ट घी के सैंपल लिए है। जिसे राज्य खाद्य परीक्षण शाला भोपाल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने तक संग्रहित घी को जब्ती में ले लिया है। 310 रुपए लीटर में घी बेचा जा रहा है जो शंकास्पद है।

यूपी से ट्रांसपोर्ट से आने की बात कही

अधिकारियों ने व्यापारी विक्रांत त्यागी से पूछताछ की। तो बताया कि वह यूपी के मुजफ्फपुर घी मंगवाता है। ट्रांसपोर्ट से वहां से भेजा जाता है। 310 रुपए लीटर में वह खरीददता है। जबकि बाजार में सवा तीन सौ रुपए लीटर में बेचने की बात बताई। अधिकारियों के अनुसार कम रेट में देशी घी के नाम से बेचना शंकास्पद है। सभी पैकेट पर देशी घी होने के जानकारी अंकित थी। रेट भी कम लिखे थे। इस कारण अधिकारियों को शंका है कि यह पूरी तरह से नकली घी है।

1610 लीटर घी मिला

अधिकारियों को मौके से घी के बड़े डिब्बो के अलावा 200, 400 ग्राम समेत अलग वजन के पैकेट मिले है। कुल 1610 लीटर घी को खाद्य विभाग ने बरामद कर उसी स्थान पर रख कमरे को सील कर दिया है। अलग-अलग 10 सैंपल लिए है। जो कि जांच के लिए लैब पर भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। घी मुजफ्फपुर की दो कंपनियों सिद्धी ट्रेडर्स व मां वैष्णोदेवी ट्रेडर्स से मंगाया जा रहा था।